केन्द्रीय सरकार को केरल की खाद्य समस्या स्थायी आधार पर सुलझाने के लिये कुछ सुझाव दिये थे; और

(ख) यदि हां, तो इसके सम्बन्ध में भारत सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) केरल के मुख्य मंत्री ने खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति और वितरण की प्रणाली के सम्बन्ध में कुछ सुझाव दिये थे ।

(ख) मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में इन सुझावों पर विचार हुआ था। यह निर्णय किया गया कि प्रत्येक राज्य को खाद्यान्नों की अधिप्राप्ति और वितरण करने के लिये राज्य के लिए अत्यन्त उपयुक्त तरीका चुनने की इजाजत होनी चाहिए ।

गन्ने का मूल्य

210. **श्री शिव कुमार शास्त्री :**
श्री रामावतार शर्मा :
श्री श्रीनिवास मिश्र :
श्री रणधीर सिंह :
श्री रामावतार शास्त्री :
श्री अमृत नाहाटा :
श्री कृष्णमूर्ति :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गन्ने का मूल्य बढ़ जाने पर भी चीनी मिलों को गन्ना नहीं मिल पा रहा है;

(ख) क्या सरकार का विचार गन्ने का मूल्य और अधिक बढ़ाने का है; और

(ग) यदि हां, तो क्या इससे चीनी के उत्पादन पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे) : (क) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ कारखानों को छोड़कर, ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है ।

(ख) और (ग). सरकार ने गन्ने का केवल न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया है किन्तु 1967-68 की चीनी की नई नीति के अन्तर्गत यह आशा की जाती है कि चीनी कारखाने अधिक गन्ने प्राप्त करने के लिये न्यूनतम मूल्य से अपेक्षाकृत अधिक मूल्य देंगे ।

चीनी का उत्पादन

211. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :**
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :
श्री शिवचन्द्र झा :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : चीनी के उत्पादन के हेतु चालू वर्ष के लिये रखे गये लक्ष्य प्राप्त करने में अब तक किस हद तक सफलता प्राप्त हुई है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री-अन्नासाहिब शिन्दे) : चालू वर्ष के लिये चीनी के उत्पादन का कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है ।

हिन्दी टेलीप्रिंटर

212. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या **संचार** मंत्री 7 जून, 1967 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 352 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी टेलीप्रिंटरों के विकास में क्या अग्रेतर प्रगति हुई है;